11 जनवरी 2026
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



केन्द्रीय कारा बक्सर में प्रशासनिक सख्ती और संवेदनशीलता का संगम, डीएम साहिला ने बदली जेल सुधार की तस्वीर

2



## एक नजर

### आग लगने से परिवार के तीन लोगों की मौत

**मुंबई ।** शनिवार तड़के मुंबई के उपनगरीय गोरेगांव के भगत सिंह नगर इलाके में एक रिहायशी इमारत में आग लगने से एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। प्रभावित एक मंजिला इमारत राजाराम लेन में स्थित है। आग लगने की सूचना मुंबई फायर ब्रिगेड को सुबह 3:06 बजे दी गई। उन्होंने बताया कि आग ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर बिजली की वायरिंग और घरेलू सामान तक ही सीमित थी। दमकल कर्मियों के आने से पहले स्थानीय लोगों ने पानी की बाल्टियों से आग बुझाई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद दमकल कर्मियों ने बिजली की सप्लाई काट दी।

### असम में 8 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स जब्त, 3 गिरफ्तार

**कछार।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पुलिस ने कछार जिले में 8.2 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है और इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 1.357 किलोग्राम मॉर्फिन जब्त की है। सरमा ने कहा कि ड्रग्स तस्करों, मैं तुम्हें समझता हूं! तुमने 8.2 करोड़ रुपये की 1.357 किलोग्राम मॉर्फिन इम्पोर्ट की, लेकिन तुम एक आसान सी बात भूल गए कि यह असम है! बता दें कि मॉर्फिन, एक नॉन-सिंथेटिक नशीला पदार्थ है, जो अफीम से बनता है।

### कर्नाटक में भीषण हादसा, चार लोगों की मौत

**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के बाहरी इलाके में एक सड़क हादसे में केरल के सबरीमाला से लौट रहे चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे में सात अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पुलिस का कहना है कि यह हादसा बेल्लावी के पास तब हुआ जब तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक क्रूजर गाड़ी खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के समय गाड़ी में 11 यात्री सवार थे। मृतकों में से तीन की पहचान वेंकटेश(30), मरुथप्पा(44) और साक्षी(7) के रूप में हुई है।

# पीएम मोदी सोमनाथ पहुंचे, वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में लेंगे भाग

- एक हजार वर्ष पूर्व हुए सोमनाथ मंदिर की पृष्ठभूमि की जाएगी प्रदर्शित
- मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को दशार्ने के लिए 3,000 ड्रोन का होगा इस्तेमाल



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अपने तीन-दिवसीय गुजरात दौरे के तहत सोमनाथ पहुंचे और इस दौरान वह यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं राजकोट में ह्यवाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल कस्बे के पास स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ महादेव मंदिर के पास हेलीपैड पर गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से मोदी अपने काफिले के साथ मंदिर के पास स्थित वीवीआईपी सर्किट हाउस पहुंचे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रद्धालु मोदी का स्वागत करने के लिए जमा हुए थे। मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत देर शाम सोमनाथ मंदिर में मंत्र के जाप में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम मंदिर पर 1000 वर्ष पहले हुए आक्रमण की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जा रहा है। ये ह्यस्वाभिमान पर्व आठ जनवरी को शुरू हुए और 11 जनवरी को समाप्त होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है। बाद में वह मंदिर परिसर में ड्रोन शो देखेंगे। मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को दशार्ने के लिए लगभग 3,000 ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

### मंदिर में बैठक की करेंगे अध्यक्षता

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रविवार को सुबह पीएम शौर्य यात्रा में भाग लेंगे, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित एक औपचारिक जुलूस है। शौर्य यात्रा में 108 घोड़ों का प्रतीकात्मक जुलूस निकाला जाएगा, जो वीरता और बलिदान का प्रतीक होगा। सदियों से इसे नष्ट करने के कई बार प्रयास किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज आस्था और राष्ट्रीय गौरव के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ा है, यह सब मंदिर की प्राचीन महिमा को बहाल करने के सामूहिक संकल्प और प्रयासों के कारण संभव हुआ है। स्वतंत्रता के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रयास किया।

# अयोध्या राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की कोशिश

**एजेंसी। अयोध्या**

राम नगरी अयोध्या में शनिवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राम मंदिर परिसर में एक व्यक्ति नमाज पढ़ने की कोशिश करने लगो मंदिर में मौजूद भक्तों ने सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी दी. सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए उस व्यक्ति को हिरासत में ले लियो घटना के बाद राम मंदिर परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है खुफिया एजेंसियां और पुलिस उससे गहन पूछताछ में लगी हुई हैं घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अधेड़ उम्र का वह व्यक्ति राम मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर के दक्षिणी परकोटे क्षेत्र की ओर बढ़ो इसी दौरान उसने वहीं नमाज पढ़ने की कोशिश शुरू कर दी उसने नमाज पढ़ने के लिए अपना गमछा बिछायो इसी बीच श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों की नजर उसकी गतिविधियों पर पड़ी, उन्होंने उसे तुरंत रोका और हिरासत में ले लियो जो खबर मिल रही है उसके मुताबिक नमाज पढ़ने से रोके जाने पर उस व्यक्ति ने नारेबाजी भी की इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को तत्काल अलर्ट कर दिया गया है हिरासत में लिये गये व्यक्ति को रामजन्मभूमि पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी और खुफिया एजेंसियों की टीम उससे पूछताछ कर रही हैं पूछताछ की अगुवाई एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे के नेतृत्व में की जा रही

## जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

# विकसित भारत के लिए स्वदेशी अपनाना जरूरी : शाह



- मोबाइल के क्षेत्र में भारत दुनिया के दूसरे नंबर के उत्पादक बना

**एजेंसी। जोधपुर**

आत्मनिर्भर भारत की कल्पना भारत को दुनिया का सबसे बड़ा अर्थतंत्र बना सकती है। स्वदेशी का एकमात्र विकल्प आत्मनिर्भर भारत है। जितना संभव हो, उतना स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए क्योंकि एक आत्मनिर्भर समाज ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत की कल्पना भारत को दुनिया का सबसे बड़ा अर्थतंत्र बना सकती है। वर्ष 2014 में जब देश की कमान मोदी ने संभाली तो भारत दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और आज चौथे स्थान पर पहुंच गया है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। आत्मनिर्भर भारत ही एकमात्र विकल्प स्वदेशी का है। जितना संभव हो, उतना स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एंड एक्सपो- 2026 को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार के दौरान निर्यात दोगुना हो चुका है। मैन्युफैक्चरिंग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 70 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। दुनिया में होने वाले प्रति 100 डिजिटल लेन-देन में से 50 भारत में होते हैं। मोबाइल के क्षेत्र में हम दुनिया के दूसरे नंबर के उत्पादक बन गये हैं. स्टार्टअप के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है।दवाइयां बनाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी हम दुनिया में तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि एक प्लेटफॉर्म बनकर तैयार है, जिसके जरिए देश की युवा पीढ़ी विश्वभर के युवाओं के साथ दो-दो हाथ करके आगे बढ़ सकती है। विकास के साथ मातृभाषा भी जरूरी है, लेकिन दुनिया में प्रगति के लिए जो भाषा बोलनी पड़े, वह बोलना और सीखना चाहिए।

### आत्मनिर्भर समाज ही आत्मनिर्भर भारत का कर सकता है निर्माण

अमित शाह ने कहा कि देश का सामाजिक ताना-बाना और मजबूत सामुदायिक संरचना राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। सामुदायिक समारोह देश को बांटने की बजाय मजबूत करने का काम करते है। एक आत्मनिर्भर समाज ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकता है। माहेश्वरी समुदाय के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस समाज से निकले रत्नों ने इस देश को हर क्षेत्र में आभूषण पहने हुए व्यक्ति की तरह चमकाने का काम किया है। देश और विदेश में बहुत बड़े पदों पर पहुंचने और संस्थानों में उच्च स्वीकृति प्राप्त करने के बावजूद यदि कोई समाज अपने मूल से इतना गहराई से जुड़ा रहा है तो वह माहेश्वरी समाज ही है। इस समाज ने देश को जब जिस प्रकार की आवश्यकता पड़ी, उसी प्रकार से खुद को प्रस्तुत किया है। जब मुगलों के साथ युद्ध चल रहे थे, तब राजाओं-महाराजाओं के युद्ध के खजाने को भरने का काम माहेश्वरी समाज ने ही किया। अंग्रेजों से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी जा रही थी। तो महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे स्वतंत्रता संग्राम का बहुत बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से माहेश्वरी समाज के सेठों ने दिया। आजादी के बाद देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम भी इस समाज ने किया। मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, वेल्थ जनरेशन और तकनीक का अपनाने में इस समाज का अहम योगदान रहा है।

# अमेरिका ने एक साल बाद भारत में तैनात किया नया एंबेसेडर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक साल से खाली पड़े भारत में अमेरिकी एंबेसेडर के पद को उसका चेहरा मिल गया है। पूर्व राजदूत एरिक गासेर्टी के बाद ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जिओ गोर अपनी जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली आ गए हैं, वो अगले हफ्ते अपना काम काज संभाल लेंगे। गोर ऐसे वक्त पर ये अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जब भारत और अमेरिका के संबंध शायद सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के अप्रत्याशित बयानों और अधर में लटकी ट्रेड डील की वजह से दोनों देशों के संबंध फिलहाल असहजता के दौर से गुजर रहे हैं। एंबेसेडर गोर का ये दूसरा भारत दौरा है, इससे पहले वो अक्टूबर में तब भी भारत आए थे, जब उनकी नियुक्ति को सीनेट से मंजूरी नहीं मिली थी। अपने उस दौरे में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा था कि दोनों राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी को निजी और महान दोस्त की तरह मानते हैं। गोर ने कहा था कि दोनों देशों की मजबूत लीडरशिप के मद्देनदजर वो संबंधों को लेकर बेहद आशान्वित हैं। इस दौरान उन्होने पीएम मोदी को राष्ट्रपति के साथ एक तस्वीर भी भेंट की थी। बीते दिनों व्हाइट हाउस में जब गोर को अमेरिकी एंबेसेडर के पद की शपथ दिलाई गई थी, तो उस वक्त राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था वो सर्जिओ गोर को सबसे अहम द्विपक्षीय साझेदारी की जिम्मेदारी दे रहे हैं।ट्रंप ने ये भी कहा था कि अमेरिका के प्रधानमंत्री मोदी के साथ पहले से ही शानदार रिश्ते हैं और गोर ने उन्हें गहरा कर दिया है। जाहिर है भारत में बतौर भारतीय एंबेसेडर, गोर द्विपक्षीय संबंधों की दिशा और दशा तय करने में अहम साबित होंगे। खासतौर से ऐसे वक्त में जब अमेरिकी राष्ट्रपति के अप्रत्याशित बयानों की वजह से भारतीय डिप्लोमेसी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# हाइपरसोनिक मिसाइलों से अब ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेज होगा प्रहार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों से आने वाले समय में अब दुश्मन पर ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेज गति से प्रहार संभव हो पाएगा। हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला - रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। डीआरडीएल ने 9 जनवरी, 2026 को अपनी अत्याधुनिक स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट (एससीपीटी) केंद्र में अपने एक्टिवली कूल्ड स्क्रैमजेट फुल स्केल कंबस्टर का सफलतापूर्वक एक व्यापक दीर्घकालिक जमीनी परीक्षण किया, जिसमें 12 मिनट से अधिक का रन टाइम हासिल किया गया।रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 25 अप्रैल, 2025 को किए गए पूर्व लघु परीक्षण पर आधारित है, जो लंबी अवधि का परीक्षण था। यह हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंबस्टर और परीक्षण केंद्र का डिजाइन और विकास डीआरडीएल द्वारा किया गया और इसे उद्योग भागीदारों द्वारा साकार किया गया। बयान में कहा गया है कि इस सफल परीक्षण से भारत उन्नत एयरोस्पेस क्षमताओं में अग्रणी स्थान पर आ गया है।हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक (6,100 किमी/घंटे से अधिक) गति से लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम है।






# थानों में बदलेगा माहौल : महिला पुलिसकर्मियों को मिलेगा अपना सुरक्षित ठिकाना



■ **बक्सर जिले के थानों में बन रहे आधुनिक महिला पुलिस बैरक, ड्यूटी के साथ अब सम्मानजनक रहन-सहन भी**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अब तक थानों में ड्यूटी के दौरान रहने की असुविधाओं से जूझ रही महिला पुलिसकर्मियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। बक्सर जिले के थानों में जल्द ही वह दौर खत्म होने वाला है, जब महिला सिपाहियों को सीमित संसाधनों में किसी तरह एडजस्ट कर रहना पड़ता था। विभाग ने महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती संख्या और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में ही महिला पुलिस बैरक के निर्माण को तेज कर दिया है। शनिवार को बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्या ने कृष्णाब्रह्म थाना परिसर में नव-निर्मित महिला बैरक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और संबंधित एजेंसी को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि जिले के सभी थानों में महिला बैरक का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि महिला सिपाहियों को ड्यूटी के दौरान सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के तहत कई थानों में भवन निर्माण पूरा हो चुका है और कुछ जगहों पर हैंडओवर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। जिला अभियंता विजय कुमार ने जानकारी दी कि प्रत्येक महिला बैरक की क्षमता 10 बेड की होगी। भवन का निर्माण जी प्लस वन संरचना में किया जा रहा है, ताकि भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जा सके। वर्तमान में जिले के अधिकांश थानों में 5 से 6 महिला सिपाही कार्यरत हैं। कहीं यह संख्या चार है, तो कहीं 6 से 7 तक भी पहुंच जाती है। लेकिन अब तक कई थानों में उनके लिए अलग से बैरक की व्यवस्था नहीं थी। नतीजतन, महिला पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रहने, आराम करने और निजी जरूरतों को पूरा करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। महिला बैरक के निर्माण से न केवल उनकी दैनिक समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि उनके मनोबल और कार्यक्षमता में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। सुरक्षित आवास मिलने से वे कानून-व्यवस्था के कार्यों में और अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकेंगी। कुल मिलाकर, यह पहल सिर्फ भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला पुलिसकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर कार्य वातावरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। आने वाले दिनों में जब सभी थानों में महिला बैरक पूरी तरह से कार्यरत हो जाएंगे, तब पुलिस व्यवस्था में यह बदलाव साफ नजर आएगा।

# केन्द्रीय कारा बक्सर में प्रशासनिक सख्ती और संवेदनशीलता का संगम, डीएम साहिला ने बदली जेल सुधार की तस्वीर

■ **औषधि पार्क, ओपन जिम से लेकर मुक्ति ब्रांड तक, बंदी सुधार, आत्मनिर्भरता और जवाबदेही पर डीएम का फोकस**



**केटी न्यूज/बक्सर**

केन्द्रीय कारा, बक्सर में शुक्रवार को प्रशासनिक निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि जेल सुधार की दिशा में एक स्पष्ट और सख्त संदेश बनकर सामने आया। जिलाधिकारी साहिला के निरीक्षण कार्यक्रम और बंदी दरबार ने यह साफ कर दिया कि अब जेल व्यवस्था केवल दंड तक सीमित नहीं, बल्कि सुधार, स्वास्थ्य, मानसिक विकास और आत्मनिर्भरता की ठोस प्रयोगशाला बनेगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया, लेकिन इसके तुरंत बाद उन्होंने प्रतीकात्मकता से आगे बढ़ते हुए सुधारात्मक पहलों का उद्घाटन कर दिया। कारा परिसर में नव अधिष्ठापित च्यवन ऋषि औषधि पार्क और ओपन जिम का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए उन्होंने बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिक एजेंडे में रखा।

-- 51 औषधीय पौधों से आत्मचिंतन का संदेश

औषधि पार्क में तुलसी, एलोवेरा, लाल चंदन, हींग, आंवला, लौंग सहित कुल 51 प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण किया गया है। यह पहल केवल हरियाली नहीं, बल्कि बंदियों को प्रकृति, संयम और स्वास्थ्य से जोड़ने का प्रयास है। डीएम साहिला ने स्पष्ट संकेत दिया कि जेल सुधार का रास्ता आत्मचिंतन और सकारात्मक गतिविधियों से होकर जाता है।

-- बंदी दरबार में सीधी सुनवाई, त्वरित समाधान के निर्देश

इसके उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बंदी दरबार में 12 बंदियों ने लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याएं रखीं। पुलिस उपाधीक्षक, भवन प्रमंडल, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बिना किसी टालमटोल के संबंधित विभागों को नियमानुकूल और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी बंदी आवेदन के माध्यम से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

-- जेल निर्माणशाला बनेगी आत्मनिर्भरता की मिसाल

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कारा में संचालित निर्माणशालाओं का गहन निरीक्षण किया। वस्त्र, बढ़ईगीरी, सिलाई, मसाला पाउडर, कास्टिक, लाइफर साबुन और फिनाइल निर्माण जैसी इकाइयों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने इन गतिविधियों को विस्तृत पैमाने पर लागू करने का निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की जरूरत के अनुसार उत्पाद तैयार कर उन्हें ह्यमुक्ति ब्रांडह्ण के तहत आउटलेट से बेचा जाए। यह कदम बंदियों को कौशल, सम्मानजनक श्रम और भविष्य की आजीविका से जोड़ने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

-- जेल के भीतर सुविधाओं की कड़ी जांच

जिलाधिकारी ने कारा रेडियो दोस्ती, सैलून, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, टेलीफोन बूथ और स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही कारा अस्पताल, पाकशाला और साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। निमार्णाधीन बंदी बैरक की प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कार्य में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

-- स्पष्ट संदेश, सुधार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी साहिला ने दो टूक कहा कि बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास में किसी भी तरह की लापरवाही पर जिम्मेदारी तय होगी।

यह निरीक्षण कार्यक्रम बताता है कि केन्द्रीय कारा बक्सर अब केवल कैद की जगह नहीं, बल्कि सुधार, जवाबदेही और पुनर्वास का मॉडल बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसकी कमान खुद जिलाधिकारी ने मजबूती से थाम रखी है।

## एक नजर

### कचइनिया सामूदायिक भवन में रह रही बेघर महिला से असमाजिक तत्वों ने की मारपीट

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कचइनियां गांव के कंचनेश्वर शिव मंदिर के समीप बने सामुदायिक भवन में पिछले चार वर्षों से रह रही एक बेघर महिला से असमाजिक तत्वों ने मारपीट की है। मारपीट की यह घटना शुक्रवार देर रात की है।

पीड़िता की पहचान आशा कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि इस सामुदायिक भवन का निर्माण राजपुर विधायक संतोष निराला ने अपने निधि से कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि चार वर्ष पहले इस जगह पर एक यज्ञ का आयोजन हुआ था, इसी दौरान वह महिला यहां आई थी, तबसे यही रह रही थी। सामुदायिक भवन ही उसका आसरा था।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात अज्ञात असमाजिक तत्वों ने किसी बात को ले उक्त महिला की जमकर पिटाई कर दी है। असमाजिक तत्वों की मारपीट में उसे गंभीर चोटे आई है।

कोरानसराय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शीतलहर में जलपुत्र बने अजय, दरवाजे-दरवाजे पहुंचाकर बांटे कंबल



**डुमरांव।** बढ़ती शीतलहर ने जब आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है, तब डुमरांव में ह्यजलपुत्रह्ण के नाम से पहचाने जाने वाले अजय एक बार फिर मानवता की मिसाल बनकर सामने आए हैं। कंपकंपाती ठंड में जहां लोग घरों से निकलने से कतराते हैं, वहीं अजय जरूरतमंदों के घर-घर पहुंचकर कंबल वितरण कर रहे हैं। वार्ड संख्या 28, 35 सहित कई अन्य वार्डों में उन्होंने गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों को कंबल देकर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाई। इस पहल की खास बात यह रही कि कंबल वितरण केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अजय स्वयं जरूरतमंदों के दरवाजे तक पहुंचे। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर कंबल पाकर जो मुस्कान दिखी, वही इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि अजय इससे पहले भी कई बार जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर चुके हैं और हर बार बिना किसी प्रचार के चुपचाप सेवा में जुट जाते हैं। अजय ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीबों और असहायों के लिए ऊनी कंबल या गर्म कपड़े केवल वस्त्र नहीं होते, बल्कि यह उन्हें सुरक्षा, संवेदना और उम्मीद का एहसास कराते हैं। उन्होंने कहा कि समाज की असली ताकत तभी सामने आती है, जब हम संकट की घड़ी में एक-दूसरे का हाथ थामते हैं। उनका मानना है कि भोजन, चिकित्सा सहायता और वस्त्र वितरण जैसे राहत कार्य समाज को जोड़ने का काम करते हैं। शीतलहर के इस दौर में अजय की पहल ने यह साबित कर दिया है कि अगर इरादा मजबूत हो, तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# सुबह सात बजे से घर-घर किसान पंजीकरण शत-प्रतिशत लक्ष्य को लेकर प्रशासन सख्त

**केटी न्यूज/बक्सर**




किसानों को सरकारी योजनाओं का पूरा और पारदर्शी लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में किसान पंजीकरण अभियान को अब पूरी सख्ती के साथ विशेष अभियान मोड में चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी बक्सर साहिला के स्पष्ट निर्देश पर सभी प्रखंडों में किसान पंजीकरण शिविर प्रातः सात बजे से संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अब घर-घर जाकर सर्वेक्षण एवं पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, ताकि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रह जाए।

प्रशासन द्वारा सर्वे अमीन, राजस्व कर्मचारी तथा कंप्यूटर संचालकों की टीम गठित कर किसानों के घर तक पहुंच बनाई जा रही है। ये टीमें किसानों के आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर उनका पंजीकरण कर रही हैं, जिससे भविष्य में उन्हें कृषि से संबंधित सभी सरकारी योजनाओं, अनुदान और सुविधाओं का निर्बाध लाभ मिल सके।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता तथा सभी प्रखंड प्रभारी पदाधिकारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर प्रतिदिन कार्य की समीक्षा कर रहे हैं। किसी भी स्तर पर ढिलाई न हो, इसके लिए लगातार फील्ड निरीक्षण किया जा रहा है।

तकनीकी अथवा प्रक्रियागत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड स्तरीय निगरानी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। वहीं जिला स्तर पर जिला निगरानी प्रकोष्ठ विभिन्न संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहा है, ताकि पंजीकरण कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे।

अपर समाहर्ता, बक्सर ने दो टूक कहा है कि इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी श्रीमती साहिला ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसान पंजीकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए शिविरों की अवधि भी बढ़ा दी गई है, ताकि अधिक से अधिक किसान समय पर अपना पंजीकरण करा सकें।

जिला प्रशासन ने आम किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पंजीकरण शिविर में पहुंचकर अथवा घर पर आने वाले सरकारी कर्मियों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए किसान पंजीकरण अवश्य कराएं। इससे उन्हें सभी सरकारी कृषि योजनाओं का सीधा, सरल और पारदर्शी लाभ मिल सके।

# बक्सर में खेल विभाग ने मनाया दूसरा स्थापना दिवस खेल बना सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम

केटी न्यूज/बक्सर



बिहार खेल विभाग के गठन के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर बक्सर खेल विभाग द्वारा शनिवार को दूसरा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमपी उच्च विद्यालय, बक्सर परिसर में किया गया, जहां केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरीय उपसमाहर्ता सह कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के प्रभारी रवि बहादुर सिंह रहे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, खेल शिक्षकों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बिहार में अलग से खेल विभाग का गठन केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह राज्य के युवाओं को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि 9 जनवरी 2024 से शुरू हुआ यह सफर आज उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां खेल केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सामाजिक बदलाव का एक मजबूत माध्यम बन गया है।

उन्होंने कहा कि खेल विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि खेल अवसंरचना को लोकतांत्रिक बनाना है। पहले जहां खेल सुविधाएं केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित थीं, वहीं अब पंचायत और गांव स्तर तक खेल का विस्तार हुआ है। प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों के निर्माण और गांवों में विकसित खेल मैदानों ने ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया है।

बक्सर जिले में अब तक सात प्रखंड स्तरीय स्टेडियमों का निर्माण किया जा चुका है, वहीं 94 पंचायत स्तरीय खेल मैदान तैयार किए गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही अभ्यास की बेहतर सुविधा मिल रही है। पंचायत स्तर पर गठित खेल क्लबों ने न केवल खेल गतिविधियों को गति दी है, बल्कि स्थानीय नेतृत्व को भी मजबूत किया है।

खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाएं, सरकारी नियुक्तियां, प्रोत्साहन राशि एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाया है कि उनकी प्रतिभा का सम्मान होगा और उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा। अब पदक विजेता खिलाड़ी केवल तालियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें स्थायी अवसर और सम्मानजनक जीवन का मार्ग भी मिल रहा है।

स्थापना दिवस समारोह में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी कन्हैयालाल, कार्यपालक सहायक मदन, अशोक कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार, अश्विनी कुमार राय, सतेंद्र सिंह यादव, त्रिलोकी नाथ तिवारी, वशिष्ठ प्रसाद, राकेश रंजन उपाध्याय, रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने खेल विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे बिहार के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताया।

# दिल्ली से डुमरी तक गूंजेगा सम्मान, गणतंत्र दिवस पर डुमरी मुखिया दंपती होंगे राष्ट्र के विशेष अतिथि

■ **महिला हितैषी पंचायत की पहचान ने दिलाया राष्ट्रीय मंच, ग्रामीण विकास की कहानी पहुंचेगी लाल किले**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

सिमरी प्रखंड की डुमरी पंचायत के लिए यह सिर्फ एक खबर नहीं, बल्कि सम्मान, गौरव और उपलब्धि की ऐतिहासिक यात्रा है। आगामी 26 जनवरी को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर और उनकी पत्नी शोभा देवी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह अवसर न केवल पंचायत के लिए, बल्कि पूरे बक्सर जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है। इस संबंध में बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था, पंचायती राज विभाग के परियोजना निदेशक द्वारा आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। जैसे ही यह सूचना डुमरी पंचायत और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची, खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे पंचायत के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय बताया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उस सोच और कार्यशैली को मिला है, जिसने पंचायत की तस्वीर बदली है। डुमरी पंचायत का इस वर्ष ह्लमहिला हितैषी पंचायतह्व के रूप में चयन होना इस उपलब्धि की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन और अधिकारों को लेकर किए गए प्रयासों ने पंचायत को राज्य से आगे राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। मुखिया प्रेम सागर कुंवर के नेतृत्व में डुमरी पंचायत में सरकारी योजनाएं कागजों से निकलकर जमीन पर नजर आने लगी हैं। नल-जल योजना से शुद्ध पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के घर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन से बुजुर्गों और जरूरतमंदों को सहारा मिला है। वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार पंचायत की पहचान बन चुका है।

इस उपलब्धि की खुशी में पंचायत में मिठाइयां बांटी गईं। पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुखिया दंपती को बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। लोगों का कहना है कि डुमरी की सफलता अन्य पंचायतों के लिए भी एक उदाहरण बनेगी।

मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि डुमरी पंचायत की जनता, पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी पारदर्शिता, विकास और जनकल्याण ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

अब 26 जनवरी को जब दिल्ली में गणतंत्र दिवस की झांकी सजेगी, तब डुमरी पंचायत की विकास गाथा भी राष्ट्र के मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com

### आम जनता को त्वरित व पारदर्शी न्याय दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है जनता दरबार : एसपी

# पीड़ित बोला-एसपी साहब दिनदाहड़े मां को हिप्नोटाइज कर हुई थी लूट, आईओ से शो-कॉज का दिया निर्देश





**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाने में शनिवार को एसपी शुभम आर्य ने जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान सामूहिक मुद्दो सहित निजी मामलों की झड़ी लगी रही। जनता दरबार में सबसे अधिक जमीन विवाद संबंधित मामले सामने आए। वहीं, कृष्णाब्रह्म के भरे बाजार में दिन दहाड़े एक महिला को हिप्नोटाइज कर हुई लूट की घटना में दो माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने तथा लूटेरों की शिनाख्त नहीं होने पर एसपी ने तत्काल केस के अनुसंधानकर्ता सत्यकिशोर से शो-कॉज पूछने तथा उसके अनुसंधान वाले कांडो की गहन जांच का निर्देश डुमरांव एसडीपीओ को दे पुलिस पदाधिकारियों को यह संदेश दे दिया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दरबार की शुरूआत सामाजिक मुद्दों से हुई, जिसकी शुरूआत नुआंव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनय यादव ने की। उन्होंने एसपी को आवेदन दे बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के एक कॉलम में चौकीदार के हस्ताक्षर की जगह दी गई है, लेकिन नुआंव पंचायत के चौकीदार धर्मपाल के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया जाता है, जिस कारण कई आवेदन लंबे समय से लंबित पड़े है, जिस कारण लोगों को कई सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है।

इस पर एसपी ने उक्त चौकीदार पर कार्रवाई करने तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था की राय लेने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देश दिया।

बता दें कि पूर्व में नुआंव का ही एक युवक जिसकी बिहार पुलिस में नौकरी लगी थी, उसने तत्कालीन डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी से शिकायत की थी कि चौकीदार धर्मपाल उनके आचरण प्रमाण-पत्र पर ग्रामीण विवाद के चलते साइन नहीं कर रहा है, जिस कारण उसका आचरण प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिसके बाद तत्कालीन एसडीपीओ ने उसे फटकार लगाते हुए उस समय के थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को तत्काल उक्त युवक का आचरण प्रमाण-पत्र बनाकर देने का निर्देश दिया था।

वहीं, बड़का ढकाईच निवासी पंकज दूबे ने चौकियां गांव में स्थित सरकारी तालाब के अतिक्रमण का मुद्दा उठाया और बताया कि इस सार्वजनिक तालाब की जमीन का अतिक्रमण कर कुछ लोग उसमें मिट्टी भर उसका अस्तित्व मिटाने पर तुले है। इसकी शिकायत तीन वर्ष पूर्व सिमरी सीओ से किया गया था, लेकिन अबतक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिस कारण गांव के नाली के पानी का बहाव अवरूद्ध है तथा नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इस पर एसपी ने कहा कि इस संबंध में सिमरी सीओ को पत्र भेज चौकियां के सार्वजनिक तालाब की जमीन को शीघ्र अतिक्रमणमुक्त कराने को कहा जाएगा।

वहीं, चौकियां में नल जल योजना के बंद होने का मुद्दा भी उठा, जिस पर एसपी ने संबंधित विभाग से नल जल योजना को चालू करवा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

## कठार के ग्रामीणों ने की 200 केवीए का ट्रांसफर्मार लगाने की मांग



कृष्णाब्रह्म थाने में आयोजित जनता दरबार में कई ऐसे मुद्दे भी उठे, जो पुलिस के बजाए प्रशासनिक मामला था, लेकिन एसपी ने किसी को निराश नहीं किया। इसी कड़ी में कठार के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से एसपी को बताया कि उनके गांव में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है, जिससे उन्हें समुचित आपूर्ति नहीं मिल पाती है। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से इस जगह पर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई, लेकिन बिजली विभाग उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रहा है, जिस कारण ग्रामीणों को खेती समेत अन्य कार्यों में बाधा पहुंच रही है। एसपी ने इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों को राहत दिलाने का आश्वासन दिया। इसके अलावे भी कई ऐसे मामले आए, जिसमें पुलिस की लापरवाही तथा लंबे समय से पीड़ितों को न्याय नहीं मिलने जैसी शिकायत थी।

## दो माह पूर्व महिला को हिप्नोटाइज कर लूट मामले में आईओ पर गिरी गाज

एसपी के जनता दरबार में दो माह पूर्व कृष्णाब्रह्म के भरे बाजार में कठार निवासी एक महिला को दिनदहाड़े हिप्नोटाइज कर आभूषण व नगदी लूट मामले में उसके पुत्र ने एसपी ने गुहार लगाई और बताया कि दो माह में भी पुलिस इस घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित नहीं कर सकी है। हालांकि, इस दौरान इस केस के आईओ सत्यकिशोर ने सफाई देने का प्रयास किया, लेकिन एसपी ने उसकी एक न सुनी तथा तत्काल डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार को उक्त आईओ से शो-कॉज करने तथा उसके कांडो की गहराई से जांच का निर्देश दिया।



## ए साहेब झोंटा लसार के मरले बाड़स, तीन दिन बाद पहुंचल पुलिस

जनता दरबार में सोवां गांव से आई महिला फाल्गुनिया देवी ने एसपी से भोजपुरी में कहा कि ए साहेब जमीन विवाद में देयाद ( पट्टीदार) झोंटा लसार ( बाल खींचकर) मरलेबाड़स, पुलिस के फोन कइला के तीन दिन बाद पहुंचल, अभी तक एफआईआर नईखे भईल...। एसपी ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई तथा कहा कि सोए थे क्या, मजाक बनाकर रखे है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने आइंदा ऐसी लापरवाही नहीं करने की सख्त चेतावनी दी।

## नारायणजी दूबे हत्याकांड के उद्भेदन की हुई मांग



पिछले महीने बड़का ढकाईच निवासी नारायणजी दूबे हत्याकांड का अबतक उद्भेदन नहीं होने का मुद्दा भी एसपी के जनता दरबार में उठा। मृतक के दादा राजनाराण दूबे ने एसपी से इस मामले की गुहार लगाई और कहा कि नारायण उनके दिवंगत पुत्र व पुत्रवधु का इकलौता निशानी था। एसपी ने थानाध्यक्ष से इस मामले के उद्भेदन में तेजी लाने का निर्देश दिया और कहा कि जल्दी इस कांड का उद्घाटन होना चाहिए। जनता दरबार में डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार समेत कृष्णाब्रह्म थाने के पुलिस पदाधिकारी व फरियादियों के अलावे क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद थे।



















डुमरांव में टेंडर खेल पर सियासी भूचाल : बोले विधायक

# 15-15 लाख के स्प्लिटिंग टेंडर की जांच नहीं हुई तो विजिलेंस जाएगी फाइल

- **जनता दरबार में विधायक का सख्त तेवर, नगर परिषद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, अधिकारियों को चेतावनी, काम नहीं दिखा तो कार्रवाई तय**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में नगर विकास कार्यों को लेकर सियासत गरमा गई है। नगर परिषद द्वारा कथित रूप से किए गए 15-15 लाख रुपये के स्प्लिटिंग टेंडर को लेकर डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। विधायक ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो वह सीधे विजिलेंस विभाग को पत्र लिखेंगे। विधायक का यह बयान जनता दरबार के दौरान सामने आया, जहां आम लोगों की समस्याओं के साथ-साथ भ्रष्टाचार के मुद्दे ने भी प्रमुखता से जगह ली। विधायक कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। सड़क, नाली, शिक्षा, भूमि आवंटन और बाईपास परियोजना जैसी बुनियादी समस्याओं के बीच नगर परिषद में कथित अनियमितताओं का मामला छाया रहा। विधायक ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर ओपन टेंडर की प्रक्रिया से बचते हुए 15-15 लाख रुपये के कई छोटे टेंडर जारी किए, ताकि बड़े टेंडर की अनिवार्य पारदर्शी प्रक्रिया से बचा जा सके। उन्होंने इसे सीधा-सीधा सरकारी धन के दुरुपयोग की कोशिश बताया। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि आर्थिक लाभ के उद्देश्य से कई ऐसे इलाकों में सड़कें बना दी गईं, जहां न तो आबादी है और न ही वास्तविक आवश्यकता। कुछ जगहों पर सड़कें इस तरह बनाई गईं कि एक ओर निर्माण होता गया और दूसरी ओर सड़क टूटती चली गई। विधायक ने कहा कि यह न केवल जनता के पैसे की बबार्दी है, बल्कि जनहित के साथ खुला खिलवाड़ भी है। जनता दरबार में विधायक का रुख सिर्फ आरोपों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता जमीन पर दिखनी चाहिए, फाइलों में नहीं। मां डुमरेजनी प्रवेश द्वार से पुराना भोजपुर तक सड़क निर्माण को लेकर उन्होंने बताया कि वर्तमान में जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है, लेकिन जल्द ही फ्रेश आरसीसी सड़क के लिए नया टेंडर निकाला जाएगा। साथ ही खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जाहिर करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। डुमरांव स्टेशन से नया थाना तक नाली निर्माण के मुद्दे पर विधायक ने बुडको के जेई से फोन पर बात कर तत्काल फ्रेश एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जलजमाव से जनता को हर हाल में राहत मिलनी चाहिए। वहीं भूमिहीनों को भूमि आवंटन, दिव्यांग शिक्षा की समस्याओं और डुमरांव बाईपास परियोजना को लेकर भी विधायक ने संबंधित विभागों से समन्वय कर समाधान का भरोसा दिलाया। बाईपास परियोजना पर विधायक ने बताया कि भूमि अधिग्रहण का लगभग 78 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और 31 जनवरी को इस संबंध में महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। शेष प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जनता दरबार के अंत में विधायक राहुल कुमार सिंह ने दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार, लापरवाही और नियमों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर नगर परिषद के टेंडर मामले में जांच में ढिलाई बरती गई, तो यह मुद्दा अब स्थानीय स्तर पर नहीं रुकेगा, बल्कि सीधे विजिलेंस तक पहुंचेगा।

# ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पति सहित चार लोग हुए गिरफ्तार

- **मृतक के परिजनों ने दहेज के लिए पति पर हत्या का लगाया आरोप**



**केटी न्यूज/रोहतास**

शनिवार को जिला क्षेत्र के करगहर थाना अंतर्गत लडुई गांव से एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान लडुई गांव निवासी छोटेलाल खरवार की 35 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी के रूप में हुई है और पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पति समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

**ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप :** घटना को लेकर विवाहिता के पिता हिर्दया खरवार ने ससुराल वालों पर दहेज को लेकर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत बलथरी गांव निवासी हृदया खरवार ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री पूजा कुमारी की शादी लडुई गांव निवासी बिगन खरवार के पुत्र छोटेलाल खरवार से की थी। शादी के बाद से हीं उसे मोटरसाइकिल एवं ढाई लाख रुपए के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और शुक्रवार की रात ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका को एक पुत्र भी बताया जाता है।

**पति समेत चार लोग गिरफ्तार :** वहीं घटना को लेकर मृतका के परिवार वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसको संज्ञान में लेते हुए करगहर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति, सास-ससुर एवं ननद को गिरफ्तार कर लिया है। करगहर थाने के चौकीदार ददन पासवान के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और पूरे मामले की गहनता से जांच चल रही है।

## चिकित्सा शिविर में वृद्ध विधवा और दिव्यांग को किया गया सम्मानित



**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के गजेंद्र प्रसाद प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय तराढ नोखा, ग्राम समहुती प्रखंड दिनारा, अपने गांव में चिकित्सा शिविर सह वृद्ध विधवा एवं दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो माता ,गार्जियन, को जांच कर मुफ्त में दवाइयां दी गई तथा एक कंबल देकर सभी वृद्धि विधवा एवं दिव्यांग महाननुभवों को सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता श्री लक्ष्मण चौबे जी सेवानिवृत शिक्षक मंच संचालन राधा मोहन चौधरी ने किया ज्वाला प्रसाद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की बड़े सौभाग्यशाली हैं इस गांव के लोग यहां एक शिक्षक के बेटा एमबीबीएस डॉक्टर बना और अपने जन्मभूमि पर बुजुर्गों की सेवा करने के लिए जॉच सिविर लगाया और फ्री में दवाइयां वितरित की तथा कंबल से भी सम्मानित किया इस गांव के लोग भी बड़े सौभाग्यशाली हैं कहीं भी बात होगी तो कम से कम यह तो कहेंगे कि हमारे गांव का भी लड़का एक डॉक्टर है। इससे शिक्षा मिलती है कि हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें संस्कार दें ,बच्चों को संस्कारी बनाएं तो हमारा समाज जरूर विकास करेगा और आगे बढ़ेगा मौके पर उपस्थित बृजेदिलीप प्रमोद कुमार, सत्येंद्र व डॉक्टर की पूरी टीम पीएससीदिनारा डॉ.अभय कुमार के नेतृत्व में पूरी टीम ने तन मन से रोगी देखकर के उन्हें इलाज किया वह भी धन्यवाद के पात्र हैं।

## गांधी मैदान में 25 जनवरी तक 'नो एंट्री' 128 सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी नजर

**एजेंसी। पटना**

26 जनवरी को पूरे देश में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। शनिवार को पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम गांधी मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वरीय अधिकारियों के साथ गांधी मैदान में बैठक की और तैयारियों का जायजा लिया। पटना डीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी 2026 तक गांधी मैदान में नो एंट्री रहेगी। गणतंत्र दिवस समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है। रविवार से 25 जनवरी तक आम लोगों का प्रवेश गांधी मैदान में वर्जित रहेगा। पटना डीएम ने बताया कि गांधी मैदान को 4 जोन में बांटा गया है। हर जोन की जिम्मेदारी



अपर जिला दंडाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अफसरों को सौंपी गयी है। गांधी मैदान में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गांधी मैदान और उसके आस-पास 128 सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। 18 वॉच टावर, कंट्रोल रूम और अस्थायी थाने भी बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 11 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक गांधी मैदान में परेड का रिहर्सल होगा। इस दौरान एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम, पानी और शौचालय की व्यवस्था गांधी मैदान में की गयी है। गणतंत्र दिवस समारोह में किसी तरह की दिक्कत ना आएं इसे लेकर आमलोगों के आवागमन को बंद किया गया है। अब 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन ही गांधी मैदान आमलोगों के लिए खोला जाएगा।

## एक नजर

### शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दिनारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गंगाढ़ी निवासी अशोक सिंह को पुलिस ने 200 एमएल का एक पीस देसी मशालेदार शराब के साथ किया गिरफ्तार। इस संबंध में स्थानीय थाना में कांड संख्या 07/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया । इस मामले की जानकारी प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष समीर कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

### पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को भेजा जेल

**बिक्रमगंज।** सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो एनबीडब्ल्यू यानी गैर-जमानती वारंट वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । गिरफ्तार पहला वारंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्यपुरा निवासी विक्रमा सिंह का पुत्र बिल्ला कुमार उर्फ संतोष राज है,जिसके विरुद्ध सासाराम न्यायालय से गैर-जमानती वारंट निर्गत था । वहीं दूसरा वारंटी बलिहार निवासी स्वर्गीय मोतीचंद डोम का पुत्र सुरेंद्र डोम है,जिसके खिलाफ बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस ने दोनों वारंटी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

### बालू घाट पर टिप ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**काराकाट ।** रोहतास जिले के काराकाट नगर पंचायत के गोडारी क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गोडारी-बहुआरा के बीच एनएच 120 (ए) पर स्थित पेट्रोल पंप के बगल वाले बालू स्टॉक घाट पर एक टिप ट्रेलर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पर पलट गया। ट्रैक्टर न्यू हॉलैंड पर सवार चालक फिरोज अंसारी की जान जाते-जाते बची। ट्रैक्टर चालक फिरोज अंसारी, जो काराकाट प्रखंड के बरडीह पंचायत के नयारी बाल के निवासी हैं, ने बताया कि वे बालू लोड करने के लिए ट्रैक्टर लेकर घाट पर पहुंचे थे। इसी दौरान टिप ट्रेलर से बालू खाली की जा रही थी, जिसमें हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी आ गई। अनियंत्रित ट्रेलर ट्रैक्टर पर आ पलटा, लेकिन गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गए। उन्होंने कहा, हमारी जान उस वक्त बच गई, वरना आज हाथ धो बैठते। इस हादसे में ट्रैक्टर और टिप ट्रेलर दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मौके पर पहुंचे ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिलते ही वे चालक की चिंता में तुरंत पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। चालक पूरी तरह घबरा गया था, लेकिन सबसे राहत की बात यह रही कि वह सुरक्षित है। ट्रॉली को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

### 15 जनवरी को मनेगी मकर संक्रांति सूर्य का मकर राशि में होगा प्रवेश

**रोहतास।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाया जाने वाला मकर संक्रांति का पावन पर्व 15 जनवरी को बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण कस्बों में श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा । पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना हुआ है और लोग तैयारियों में जुटे हैं । मकर संक्रांति के दिन प्रातःकाल श्रद्धालु पवित्र नदियों,तालाबों एवं जलाशयों में स्नान कर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना करेंगे । सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर सुख-समृद्धि,स्वास्थ्य एवं परिवार की खुशहाली की कामना की जाएगी । शास्त्रों के अनुसार इस दिन किए गए दान-पुण्य का विशेष महत्व है,जिसके कारण लोग तिल,गुड़,दही, चूड़ा,वस्त्र एवं अन्न का दान जरूरतमंदों को करेंगे । पर्व के अवसर पर घर-घर में पारंपरिक व्यंजन तैयार किए जाएंगे । विशेष रूप से दही- चूड़ा,तिलकुट,लाई,गुड़,पीठा तथा मौसमी सब्जियों से बने व्यंजन प्रमुख रूप से बनाए जाएंगे । ग्रामीण क्षेत्रों में सगे-संबंधियों और पड़ोसियों को आमंत्रित कर सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा,जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूती मिलेगी । मकर संक्रांति को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के बाजारों में विशेष रौनक देखी जा रही है ।तिलकुट,गुड़,चूड़ा,दही,फल और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है । कारीगरों और स्थानीय विक्रेताओं की आमदनी में भी बढ़ोतरी हुई है । बाजारों में पारंपरिक मिठाइयों की सुगंध से पर्व का माहौल और भी जीवंत हो उठा है ।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर,मौत

**रोहतास।** थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य पथ के शिवपुर पंचायत के मठिया गांव से महज कुछ दूरी पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मृतक युवक भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के वार्ड 16 के बोली मोड निवासी माखन लाल का करीब 27 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार बताया जा रहा है। जो बिक्रमगंज क्षेत्र के किसी मुर्गी फॉर्म में कार्य करता था। इस संदर्भ में अज्ञात राहगीरों ने भी बताया मृतक रंजीत शनिवार की शाम करीब 8 बजे अपने से जा रही था कि इसी क्रम में उसने सड़क किराने खड़े ट्रक जोरदार टक्कर मार दी। जिस घटना में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो है। दूसरी तरफ इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच युवक को लहूलुहान आस्था में पहले अनुमंडल अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक युवक की शव को कब्जे में लेते कानूनी प्रक्रिया करते हुए पोस्टमार्टम में जुट गए है।

# डुमरांव में पुलिस व्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार, चार सर्किल कार्यालय और मॉडल थानों की तैयारी

- **पुराने और संकुचित थानों से मिलेगी मुक्ति, साइबर थाना को मिलेगा अलग भवन**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। एसपी बक्सर शुभम आर्या ने पुलिस मुख्यालय को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भेजते हुए डुमरांव अनुमंडल में चार सर्किल कार्यालयों की स्थापना, जिले के छह पुराने थानों के लिए मॉडल भवन निर्माण तथा साइबर थाना के लिए स्वतंत्र भवन निर्माण की अनुशंसा की है। प्रस्ताव के लागू होने से न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी होगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर सुविधा और त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के अधिकांश थानों की स्थिति लंबे समय से जर्जर और संकुचित बनी हुई है। कई थानों का संचालन मात्र तीन कमरों में हो रहा है, जिनमें दो हाजत भी शामिल हैं। ऐसे सीमित संसाधनों और जगह के अभाव में पुलिस को विवेचना, कांडों के निष्पादन, अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव और आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निपटारे में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है। इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसपी शुभम आर्या ने जिले के छह पुराने थानों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल भवन निर्माण का प्रस्ताव भेजा है।

प्रस्तावित थानों में डुमरांव अनुमंडल के कृष्णाब्रह्म, कोरानसराय, सिकरौल, नावानगर, सोनवर्षा तथा बक्सर अनुमंडल का राजपुर थाना शामिल है। इन सभी थानों में नए मॉडल भवन बनने से पुलिसकर्मियों को बेहतर और सुरक्षित कार्य वातावरण मिलेगा, वहीं आम नागरिकों को भी शिकायत दर्ज कराने और पुलिस सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए साइबर थाना के लिए भी अलग भवन निर्माण का प्रस्ताव अहम माना जा रहा है। वर्तमान में बक्सर जिला का साइबर थाना महिला थाना क्षेत्र के केवल दो कमरों में संचालित हो रहा है, जबकि पूरे जिले के साइबर फ्रॉड से जुड़े मामले यहीं दर्ज होते हैं। जगह की कमी के कारण अधिकारी और कर्मचारी लगातार असुविधा झेल रहे थे। अलग भवन बनने से साइबर मामलों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद है। एसपी ने बताया कि जिले के कुछ थानों को हाल के वर्षों में मॉडल भवन की सौगात मिल चुकी है। डुमरांव अनुमंडल का नैनीजोर थाना और बक्सर का औद्योगिक थाना पूरी तरह बनकर तैयार है और जल्द ही इन्हें हैंडओवर लेकर विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। वहीं नया भोजपुर थाना के निर्माण में हो रही देरी पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मिट्टी जांच की प्रक्रिया चल रही है और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही डुमरांव अनुमंडल में चार सर्किल कार्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव भी पुलिस प्रशासनिक सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। वर्तमान में केवल डुमरांव और ब्रह्मपुर में दो सर्किल कार्यालय संचालित हैं। कार्यभार अधिक होने के कारण सिमरी और नावानगर में नए सर्किल कार्यालय खोलने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे मामलों का समय पर निष्पादन हो सके और जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

# पटना जंक्शन में नया अंडरग्राउंड सब-वे, महावीर मंदिर के पास शुरू होगी अंडरग्राउंड खुदाई

**एजेंसी। पटना**

पटना के यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा की खबर है। पटना जंक्शन के पास महावीर मंदिर के सामने नया अंडरग्राउंड सब-वे बनने जा रहा है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, इसकी खुदाई मई महीने से शुरू होगी, और यह सब-वे सीधे बुद्धा स्मृति पार्क के सामने बन रहे इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन तक यात्रियों को जोड़ देगा। इससे पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में परेशानी नहीं होगी और शहर के बढ़ते ट्रैफिक की समस्या भी कम होगी। सर्वे का काम पूरा हो चुका है और जमीन की बैरिकेडिंग भी शुरू हो गई है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि यह नया सब-वे पटना जंक्शन क्षेत्र की ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। नया सब-वे पटना जंक्शन के बाहर, महावीर मंदिर के पूर्व स्थित मौजूदा सब-वे के ठीक बगल से बनाया जाएगा। वर्तमान में पटना जंक्शन से जीपीओ स्थित मल्टी मॉडल हब तक 440 मीटर लंबा भूमिगत पथ पहले से मौजूद है, जिसका उद्घाटन पिछले साल 17 मई को हुआ था। अब इसी नेटवर्क को आगे बढ़ाते हुए मेट्रो स्टेशन तक नया कनेक्शन जोड़ा जा रहा है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि मई महीने से अंडरग्राउंड खुदाई शुरू होगी। इसके लिए टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) लाई जाएगी, जो 17 मीटर लंबे नए सब-वे के साथ-साथ बुद्धा स्मृति पार्क के सामने बन रहे मेट्रो स्टेशन की खुदाई भी करेगी। यह मशीन आधुनिक तकनीक से काम करेगी और आसपास के ढांचे को न्यूनतम नुकसान पहुंचाते हुए निर्माण पूरा करेगी। नया सब-वे मौजूदा सब-वे से कनेक्ट किया जाएगा। पहले से एक कनेक्टिंग प्वाइंट छोड़ा गया था, जिसका उपयोग अब नए निर्माण में किया जाएगा। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि पटना जंक्शन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए बड़े प्रवेश और निकास की व्यवस्था की आवश्यकता थी। नए सब-वे में एस्केलेटर, लिफ्ट और ट्रैवलेटर जैसी सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि बुजुर्ग और बच्चे आसानी से यात्रा कर सकें।

# कृषि विभाग एवं नाबार्ड के बीच ऐतिहासिक समझौता, किसानों को मिलेगा सस्ता ऋण



**एजेंसी। पटना**

किसानों को सस्ती दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराने और उन्हें आधुनिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बिहार सरकार और नाबार्ड के बीच 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के तहत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह भी मौजूद थे।यह समझौता वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य के किसानों को अतिरिक्त ब्याज राहत प्रदान की जाएगी। इससे किसानों पर ऋण का बोझ कम होगा, संस्थागत ऋण की पहुंच बढ़ेगी और कृषि क्षेत्र में निवेश, उत्पादन तथा आय वृद्धि को नई गति मिलेगी।कृषि विभाग की ओर से सौरभ सुमन यादव, कृषि निदेशक, बिहार, पटना, सुशील कुमार, संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी), मुख्यालय, बिहार, पटना तथा वाशिद इकबाल, सहायक निदेशक (सांख्यिकी), बिहार, पटना ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वहीं नाबार्ड की ओर से भोला प्रसाद सिंह, उप महाप्रबंधक, विजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक और सात्विक सत्यकाम देवता, सहायक प्रबंधक द्वारा एमओयू पर विधिवत हस्ताक्षर किए गए। भारत सरकार द्वारा कृषि ऋण पर दिए जाने वाले 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान के अतिरिक्त राज्य सरकार की योजना मद से 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके तहत राज्य के किसान वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंकों से 3 लाख रुपये तक के फसल ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण तथा अल्पावधि कृषि उत्पादन ऋण पर 1 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान प्राप्त कर सकेंगे। योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जो निर्धारित अवधि के भीतर ऋण का भुगतान करेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ कम करना है, ताकि किसान अधिक से अधिक संस्थागत ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित हों। इसके प्रभाव से किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए बीज, उर्वरक, कीटनाशी, सिंचाई सहित अन्य कृषि आदानों में निवेश कर सकेंगे, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। नाबार्ड को इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य एजेंसी नामित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषि ऋण पर 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान हेतु पांच करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खेती के लिए कृषि ऋण प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना राज्य के किसानों के लिए आर्थिक संबल का कार्य करेगी और उन्हें समय पर संस्थागत ऋण प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान उन्नत बीज, उर्वरक, सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण और नवीन तकनीकों में निवेश कर सकेंगे, जिससे उत्पादकता, गुणवत्ता और आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# केंद्रीय बजट 2026-27 : बिहार ने उठाई अतिरिक्त ऋण सीमा, उप-कर (Cess) के विभाज्य कोष में विलय और विशेष बाढ़ राहत पैकेज की पुरजोर मांग



**एजेंसी। पटना**

नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठक में बिहार के माननीय वित्त मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने राज्य के हितों को मजबूती से रखा। बैठक में वित्त विभाग, बिहार के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर सहित विभिन्न राज्यों के माननीय मुख्यमंत्री और माननीय वित्त मंत्री भी उपस्थित रहे।

**1. राजकोषीय असंतुलनः उप-कर एवं अधिभार को विभाज्य कोष में लाने की मांगः** माननीय वित्त मंत्री ने कहा कि कुल कर राजस्व में उप-करों (ड़ी२२) और अधिभारों (र४१ूँ१ी) की हिस्सेदारी वर्ष 2011-12 के 10.4% से बढ़कर अब 13.6% हो गई है। चूँकि ये केंद्र के विभाज्य कोष का हिस्सा नहीं होते, इसलिए बिहार जैसे राज्यों को उनके संवैधानिक हिस्से का नुकसान हो रहा है। उन्होंने पुरजोर मांग की कि इन्हें विभाज्य कोष के दायरे में लाया जाए।

**2. अतिरिक्त ऋण ग्रहण सीमा (Borrowing Limit) की अनुमति :** बिहार की प्रति व्यक्ति आय को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए राज्य ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (ऋ्रऊढ) के 2.0% की अतिरिक्त उधार सीमा की मांग की है। यह सुविधा वार्षिक 3% की मौजूदा सीमा के अतिरिक्त मांगी गई है, ताकि राज्य अपनी भौगोलिक और ऐतिहासिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए ढांचागत निवेश बढ़ा सके।

**3. बाढ़ आपदा से बचाव हेतु 'विशेष पैकेज' और नदी जोड़ो परियोजना :** उत्तरी बिहार में कोसी, गंडक और बागमती जैसी नदियों से होने वाली भीषण तबाही को रोकने के लिए माननीय मंत्री ने 'रिलीफ एवं डिजास्टर रिजिलिएंट पैकेज' का अनुरोध किया। इसमें सैटेलाइट पूवार्नुमान, ऋ्रर मैपिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों पर जोर दिया गया है। साथ ही, बाढ़ और सूखे के स्थायी समाधान हेतु 'इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर' (नदी जोड़ो परियोजना) को प्राथमिकता देने की अपील की गई।

**4. कृषि में आधुनिक तकनीक और औद्योगिक विकासल्ल :** राज्य में रोजगार सृजन हेतु कृषि क्षेत्र में अक, ड्रोन और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों पर आधारित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की आवश्यकता जताई गई। इसके अतिरिक्त, बिहार में प्रचुर जल संसाधन और कुशल श्रम की उपलब्धता को देखते हुए राज्य में नए उद्योगों की स्थापना के लिए विशेष सहयोग की मांग की गई, ताकि संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित हो सके। माननीय वित्त मंत्री ने बिहार के विकास से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री को सौंपा और विश्वास जताया कि आगामी बजट में बिहार की इन न्यायसंगत मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

## एक नजर


### बेंगलुरु में गैस रिसाव से लगी आग, बिहार के 5 युवक झुलसे, 2 की हालत गंभीर

बेंगलुरु में गैस रिसाव से आग लगने की घटना में बिहार के 5 युवक झुलस गए। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि सभी युवक बिहार के सारण जिले के रहने वाले हैं। बेंगलुरू में सभी एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करते थे और एक ही कमरे में रह रहे थे। रात में सोने के बाद जब आज सुबह शुक्रवार को चाय बनाने के लिए गैस चुल्हा जलाई तो आग लग गयी। आग में झुलसने वाले युवक छपरा जिले के मांझी थाना क्षेत्र के गुदार्हा खुर्द गांव के हैं। इनमें भरदुल खान का पुत्र बिट्टू खान, खलील मियां का पुत्र अरबाज आलम, कन्हैया चौधरी का पुत्र अन्नू कुमार, महेश चौधरी का पुत्र रोहित कुमार और अरब गुलाम हुसैन का पुत्र मुजफ्फर आलम शामिल हैं। सभी की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हादसे में दो युवकों गंभीर रूप से घायल हो गया है, पांचों युवकों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार, युवक गुरुवार रात खाना खाने के बाद सो गए थे। शुक्रवार सुबह चाय बनाने के लिए जैसे ही गैस जलाई, आग भड़क गई। आशंका है कि रात में गैस लीक होकर कमरे में फैल गई थी। आसपास के लोगों की मदद से सभी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि एक ठेकेदार के बुलावे पर पांचों युवक एक जनवरी को बेंगलुरु चले गए थे। सभी एक साथ एक ही रूम में रहते हैं और खाना भी साथ बनाकर खाते हैं। चाय बनाने के दौरान उन्हें पता नहीं चला कि गैस का रिसाव हो रहा है, जैसे ही माचिस जलाई आग लग गयी। जिसमें कमरे में मौजूद पांचों युवक झूलसकर घायल हो गये।

### पटना में स्वर्ण व्यवसायी पर फायरिंग, सीसीटीवी फुटेज में दिखा अपराध का बेखौफ चेहरा

**पटना।** बिहार में अपराधियों ने एक बार फिर व्यवसायियों को निशाना बनाया है। पटना के मनेर थाना इलाके में बीती रात तीन अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी संजय सोनी पर हमला किया और उन्हें कंधे में गोली मार दी। घटना उस समय हुई जब संजय सोनी अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। गोली लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना के अनुसार, तीनों अपराधी पहले से ही घात लगाए बैठे थे। जैसे ही व्यवसायी रास्ते में आए, उन्होंने उन्हें घेर लिया और हाथापाई शुरू कर दी। जब संजय सोनी ने विरोध किया और चिल्लाया, तो अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। घायल संजय को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि तीनों अपराधी पहले से घात लगाए बैठे थे। फुटेज में अपराधियों को व्यवसायी को घेरते, हाथापाई करते और गोली मारकर भागते हुए देखा जा सकता है। पुलिस इसे मुख्य सबूत मानते हुए अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है और अपराधियों की बाइक भी जब्त कर ली है। दानापुर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौके से मिले सबूत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मनेर थाना क्षेत्र में यह वारदात यह साबित करती है कि व्यवसायियों की सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। पिछले कुछ महीनों में कई व्यवसायियों पर हमले की घटनाएँ सामने आई हैं, जिससे इलाके में भय का माहौल है। स्थानीय लोग और दुकानदार अपने व्यवसाय की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। संजय सोनी लंबे समय से मनेर में स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उनके घायल होने की खबर ने पूरे इलाके में चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से तेजी से कार्रवाई करने और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है।

# रिटायर्ड दारोगा को साइबर ठगों ने बनाया शिकार डिजिटल अरेस्ट के बहाने 58 लाख की ठगी



**एजेंसी। पटना**

सहरसा में सेवानिवृत्त दारोगा को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर साइबर ठगों ने 58 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर सुपौल साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी। फिलहाल मामले की जांच शुरू की गई है।असहरसा जिले से साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। सदर थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी एक सेवानिवृत्त दारोगा को ह्यडिजिटल अरेस्टह्ण का भय दिखाकर साइबर अपराधियों ने कुल 58 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित के आवेदन पर सुपौल साइबर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया कि 23 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी विजय गुप्ता बताया और कहा कि उनके आधार कार्ड का उपयोग कर एक सिम कार्ड लिया गया है, जिससे महिलाओं के साथ अभद्रता की शिकायत दर्ज हुई है। आरोपी ने बताया कि इस संबंध में मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज है। पीड़ित ने जब कहा कि वह अपने गांव गढ़बरूआरी में हैं और मुंबई कैसे जाएंगे, तो कॉल करने वाले ने उन्हें लाइन पर रहने को कहा और कोलाबा थाना से जोड़ने का दावा किया। इसके बाद कॉल प्रदीप साह नामक व्यक्ति से जुड़ी, जिसने पीड़ित से आधार कार्ड से जुड़े बैंक खातों की जानकारी मांगी। आरोपी ने बताया कि पीड़ित के बैंक खाते से बड़ी रकम का लेनदेन हुआ है और पीएमटीएम नरेश गोयल से जुड़े एक फ्रॉड मामले में यह राशि बरामद की गई है। इसके आधार पर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग जांच, गिरफ्तारी और खाते फ्रीज करने की धमकी दी गई। डर और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने के भय से 24 दिसंबर को पीड़ित से बैंक ऑफ बड़ौदा, सुपौल शाखा के खाते से 39 लाख रुपये एक्सिस बैंक के एक खाते में ट्रांसफर करवा लिए गए।

# तेज प्रताप ने विधानसभा अध्यक्ष को 'दही-चूड़ा भोज' में किया आमंत्रित, नववर्ष की दी शुभकामनाएं



**एजेंसी। पटना**

जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन पटना के 26 एम स्टैंड रोड में दही चूड़ा भोज का आयोजन कर रहे हैं। इस भोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लगातार आमंत्रण कार्ड बांट रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को तेज प्रताप बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात कर दही-चूड़ा भोज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। बता दे किं तेज प्रताप लगातार मकर संक्रांति पर ' दही-चूड़ा भोज ' कार्यक्रम के आमंत्रण वितरित करते हुए नजर आ रहे हैं। तेजप्रताप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक पर लिखा कि आज बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री प्रेम कुमार जी से उनके आवास पहुंचकर भेंट मुलाकात किया और आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर 26 ट स्ट्रैंड रोड स्थित मेरे सरकारी आवास पर "दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम" हेतु आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया।

# मुजफ्फरपुर में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, पिता-पुत्र समेत दो गिरफ्तार



**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियार निर्माण की एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पारू थाना क्षेत्र के मंगुरहिया गांव में की गई छापेमारी के दौरान पिता-पुत्र के नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिसमें कुख्यात विकास झा गैंग से जुड़े अपराधी की संलिप्तता सामने आई है। मौके से भारी मात्रा में हथियार और निर्माण उपकरण बरामद किए गए हैं। मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र स्थित मंगुरहिया गांव में एसटीएफ की विशेष टीम और स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार निर्माण की मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस दौरान सीतामढ़ी जिले के कुख्यात विकास झा गैंग से जुड़े शातिर अपराधी उज्जवल ठाकुर उर्फ कट्टा और स्थानीय निवासी प्रदीप शर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इस अवैध फैक्ट्री का मुख्य सरगना और प्रदीप का पिता, रामनाथ शर्मा, पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप शर्मा के पिता रामनाथ शर्मा लंबे समय से अपने घर में अवैध हथियार निर्माण का धंधा चला रहे थे. थानेदार ने बताया कि रामनाथ शर्मा पूर्व में भी मुजफ्फरपुर समेत अन्य जिलों के विभिन्न थानों से जेल जा चुका है और वह इस फैक्ट्री का मास्टरमाइंड है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान घर के विभिन्न हिस्सों से भारी मात्रा में हथियार और हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं. बरामदगी में एक अटैची से एक चमचमाता देसी कट्टा, टीन की कोठी पर हेलमेट में छुपाकर रखा गया एक देसी पिस्टल, लकड़ी की दराज से पांच जिंदा कारतूस शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, दो लेथ मशीन, दो ड्रिल मशीन, ग्राइंडर मशीन, 15 पीस बैरल पाइप, स्प्रिंग, रेती, हथौड़ी, पेचकस, आयरन कटर ब्लेड फ्रेम और अन्य लोहे के उपकरण भी जब्त किए गए हैं.

# पछुआ हवा से बिहार में बढ़ी ठंड, कई जिलों में कोल्ड डे



**एजेंसी। पटना**

बिहार में पछुआ हवा के असर से ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। नए साल की शुरूआत के साथ ही प्रदेश के लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी के कारण वहां से आ रही सर्द पछुआ हवाओं ने बिहार के मौसम को और ज्यादा ठंडा कर दिया है। इसका सीधा असर राज्य के तापमान पर देखा जा रहा है। दिन और रात दोनों समय तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बिहार के कई जिलों में ह्यकोल्ड डेह्ण की स्थिति बनी हुई है। कोल्ड डे की स्थिति तब मानी जाती है, जब दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक कम हो जाता है। पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्णिया और सहरसा समेत कई जिलों में दिन के समय भी ठंड का अहसास बना हुआ है। धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवा चलने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पछुआ हवा की रफ्तार बढ़ने से ठंड का असर और तेज हो गया है। सुबह और शाम के समय कोहरे की स्थिति भी बनी रह रही है, जिससे दृश्यता कम हो जा रही है। कई इलाकों में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहता है, वहीं कुछ स्थानों पर घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। इससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। कई ट्रेनों के परिचालन में देरी हो रही है, जबकि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है। राज्य में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान भी 15 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य से काफी कम है। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने के कारण ठंड ज्यादा चुभन भरी महसूस हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों तक बिहार में ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। पछुआ हवा का प्रभाव बना रहेगा और उत्तर-पश्चिमी दिशा से ठंडी हवाएं लगातार प्रदेश में प्रवेश करती रहेंगी। इस दौरान कुछ जिलों में कोल्ड डे की स्थिति जारी रह सकती है, जबकि रात के समय शीतलहर जैसे हालात बनने की भी आशंका है। विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत है। ठंड बढ़ने के कारण जनजीवन पर इसका सीधा असर दिख रहा है। सुबह के समय लोग घरों से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। अलाव की मांग बढ़ गई है, खासकर ग्रामीण इलाकों और शहरी बस्तियों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। बाजारों में भी गर्म कपड़ों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। स्वेटर, जैकेट, शॉल और कंबल की मांग बढ़ गई है। ठंड का असर स्कूल जाने वाले बच्चों पर भी पड़ रहा है। कई जिलों में प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है, जबकि कुछ जगहों पर प्राथमिक कक्षाओं को बंद रखने का फैसला लिया गया है।

# भारत-नेपाल सीमा पर घुसपैठ नाकाम रक्सौल बॉर्डर से श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी। मोतिहारी**

मोतिहारी में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी ने एक श्रीलंकाई नागरिक को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह नेपाल से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। यह कार्रवाई दोपहर के समय दोनों देशों को जोड़ने वाले मैत्री पुल पर नियमित जांच के दौरान की गई। एसएसबी की जांच में गिरफ्तार व्यक्ति के पास भारत में प्रवेश या ठहरने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार श्रीलंकाई नागरिक की पहचान हनीफ कांची के रूप में की गई है। उसके पास से पासपोर्ट, नेपाली करेंसी, श्रीलंकाई पहचान पत्र, मोबाइल, कैमरा के साथ अन्य समान जब्त हुआ है। श्रीलंकाई नागरिक की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। उससे सीमा पार करने के उद्देश्य और संभावित नेटवर्क को लेकर विस्तार से पूछताछ की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी सामने आ सके। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले इसी रक्सौल बॉर्डर से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के चलते सीमा सुरक्षा को लेकर एजेंसियों की चौकसी और बढ़ा दी गई है।